




## एक नजर में



### पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया थाने का निरीक्षण

**इछावर .** पुलिस उप महानिरीक्षक देहात रेंज राजेश सिंह चंदेल ने थाना इछावर का निरीक्षण किया. उनके साथ एसपी सोनाक्षी सक्सेना, एएसपी सुनीता रावत, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी पंकज वाडेकर आदि उपस्थित थे. डीआईजी चंदेल ने निर्देश दिए कि थाने में लंबित अपराधों, गंभीर अपराधों, महिला संबंधी अपराधों एवं मर्ग प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए. सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता से लेकर शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाए .रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाया जाए. गुंडे-बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए .



### अभियान के अंतर्गत आंवलीघाट पर की गई साफ-सफाई

**बुधनी .** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण एवं स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. इसी क्रम में अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत के कर्मचारियों द्वारा नर्मदा आंवलीघाट पर साफ सफाई का कार्य किया गया. नागरिकों को घाट पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया .



### मां की बगिया बनी गांव की शासकीय पाठशाला

**सीहोर .** शासकीय माध्यमिक विद्यालय महुआखेड़ी तकीपुर में समर कैम्प के दौरान मां की बगिया बच्चों की नई पाठशाला बन गई है. बांस से बनी ग्रीन हाउस झोपड़ी की छत हरी भरी बेलों से ढंकी है, जिसके चारों ओर घने पेड़ लगे हैं. भीषण गर्मी में भी प्राकृतिक एसी से सामान्य ठंडक रहती है. इको फ्रेंडली ग्रीन हाउस की तरह तैयार किया गया है. बच्चों के बैठने के लिए पुराने टायरों, लकड़ी, बांस से रंग-बिरंगी आकर्षक कुर्सियां बनाई गई हैं. पक्षियों के संरक्षण के लिए मिट्टी के सकोरों में नियमित दाना-पानी रखा जाता है. परिसर के वृक्षों पर भी जल पात्र बांधे गये हैं, बैठने के लिए बांस के झूले हैं. ग्रीन हाउस झोपड़ी के नीचे ही पौध नर्सरी विकसित की गई है. बच्चे मां की बगिया में प्राकृतिक हरियालीमय वातावरण में झोला लाइब्रेरी की किताबों से प्रेरक कहानी, कविता, चित्रकला, ड्रॉइंग सीख रहे हैं. खेल गतिविधियां भी कराईं जा रही है. शिक्षक सतीश त्यागी ने बताया बच्चे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ पौधों में पानी तथा पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था स्वयं बड़े उत्साह के साथ करते है इस पहल से नन्हे मुन्ने बच्चों में पेड़, पौधे, पक्षियों के प्रति संवेदनशील का विकास हो रहा है, साथ ही उनका आत्मविश्वास, मनोबल बढ़ रहा है. वह पर्यावरण संरक्षण की ओर अग्रसर हो रहे हैं.



### सदस्यता अभियान की तारीख बढ़कर 30 जून हुई

**सीहोर .** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में समीक्षा बैठक हुई जिसमें विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई. बैठक की अध्यक्षता मुख्य अधिकारी सौरभ जुनवाल ने की. बैठक में जिले में 14 अप्रैल से चल रही सदस्यता अभियान की तारीख बढ़ाकर 30 जून की गई. बैठक में उपस्थित सभी शाखा प्रबंधको को निर्देश दिए गए कि अब 30 जून तक अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर उनको सहकारी समितियों का सदस्य बनाकर सहकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए. बैठक में जिले की सभी शाखाओ के शाखा प्रबंधक और बैंक अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में वर्तमान में चल रही गेहूं की खरीदी,खाद,बीमा, शिकायत की भी समीक्षा की गई.




### गंगा दशहरा एवं ईद पर्व सौहार्द्रपूर्वक मनाने की अपील

**बुधनी .** आगामी गंगा दशहरा एवं ईद पर्व को लेकर रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बैठक में तहसीलदार ललित सोनी, थाना प्रभारी संदीप जाट एवं नगर परिषद सीएमओ संतोष रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. तहसीलदार ललित सोनी ने सभी नागरिकों से आपसी भाईचारे एवं शांति बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की. बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई. बैठक में वरिष्ठ नेता विजय सिंह राजपूत, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सतीश गुप्ता, पार्षद श्रीकांत शर्मा, यशवंत सिंह चौहान, विहिप कार्यकर्ता भानु प्रताप यादव, सोनू चौहान, मुस्लिम कमेटी के याकूब बेग, सरफराज बेग, शहजाद खान सहित अन्य नागरिक मौजूद थे.

# असहनीय कटौती ! कहीं प्रदर्शन तो कहीं भजन-कीर्तन

## भीषण गर्मी में रोजाना हो रही अघोषित कटौती से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, सैकड़ों की भीड़ ने अमलाहा में किया चक्काजाम

- बिजली विभाग को दिया 72 घंटे का अल्टीमेटम
- दिन के अलावा रात में भी कई घंटों बिजली रहती गुल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 मई. जिले के ग्रामीण इलाकों में भीषण गर्मी के बीच जारी अघोषित बिजली कटौती अब लोगों के सब्र की सीमा तोड़ने लगी है. 44 डिग्री तापमान, उमस और मच्छरों के आतंक के बीच रात-रातभर बिजली गुल रहने से परेशान ग्रामीणों ने रविवार को अलग-अलग तरीकों से अपना विरोध दर्ज कराया. अमलाहा क्षेत्र में ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर चक्काजाम किया, जबकि चंदेरी और बरखेड़ी गांव के किसानों ने ढोलक-मंजीरे के साथ भजन गाकर सरकार तक अपनी पीड़ा पहुंचाने की कोशिश की. आक्रोशित ग्रामीणों का कहना है कि कटौती से यदि जल्द राहत नहीं मिली तो आंदोलन और उग्र किया जाएगा.**

जिले भर में इन दिनों शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के रहवासी बिजली कटौती का कहर झेल रहे हैं. भीषण गर्मी के दौर में दिन और रात बिजली की आवाजाही ने लोगों को आक्रोशित कर दिया है. अमलाहा क्षेत्र में पिछले करीब 15 दिनों से लगातार हो रही रात्रिकालीन बिजली कटौती के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश रविवार को खुलकर सामने आया. युवा नेता सोहन वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान अमलाहा डीसी विद्युत वितरण केंद्र पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. प्रदर्शन के दौरान कुछ देर के लिए चक्काजाम की स्थिति भी बनी रही, जिससे यातायात प्रभावित हुआ. ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा और तत्काल रात्रिकालीन कटौती बंद करने की मांग की.

ग्रामीणों का कहना था कि रात में बार-बार बिजली जाने से आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है. बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, व्यापारी परेशान हैं और किसानों को सिंचाई सहित अन्य कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार रात में दो-दो और तीन-तीन घंटे तक बिजली गायब रहती है, जिससे गर्मी में लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है.

मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाइश देकर सड़क से हटाया और समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया. हालांकि प्रदर्शनकारियों ने साफ चेतावनी दी कि यदि अगले 72 घंटे के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे और बड़ा आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी.



**सीहोर .** अघोषित बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है. अमलाहा क्षेत्र में ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम किया.



### ढोलक, हारमोनियम और मंजीरे के साथ छेड़ी तान

इधर बिजली संकट के खिलाफ विरोध का एक अनोखा और भावुक दृश्य बिलकिसगंज रोड पर देखने को मिला. चंदेरी और बरखेड़ी गांव के किसानों ने ढोलक, पेटी और मंजीरे के साथ सामूहिक रूप से भजन गाकर अपनी परेशानी व्यक्त की .किसान एमएस मेवाड़ा द्वारा लिखे गए इस भजन के माध्यम से प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री से रात में नियमित बिजली देने की अपील की गई.

भजन के बोलों में ग्रामीणों की पीड़ा साफ झलक रही थी

**हे शिव, हे मोहन, ऐसी कृपा कीजिए, मोदीजी हम ग्रामीणों को भी बिजली दे दीजिए रात-रात भर बिजली कटती, शिवराज भैया तुम भी सुन लो मच्छर भी काटे, भीषण गर्मी भी लगे, अब तो दया कीजिए .**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शहरों में अपेक्षाकृत बेहतर बिजली आपूर्ति की जा रही है, जबकि गांवों में लगातार कटौती कर लोगों को परेशान किया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि बिजली संकट है तो औद्योगिक क्षेत्रों और फैक्ट्रियों में कटौती की जाए, लेकिन ग्रामीण जनता को इस तरह परेशान न किया जाए. बिजली बंद रहने से गांवों की पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और बुजुर्गों तथा बच्चों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके.

## लावारिस ट्रक से लाखों की शराब बरामद

नवभारत न्यूज

**जावर 24 मई .** सड़क किनारे एक शेड के समीप लावारिस खड़े ट्रक की जब पुलिस ने तलाशी ली तो उसकी बांछें खिल गईं. ट्रक में अवैध शराब की सैंकड़ों पेटियां भरी थीं. पुलिस ने शराब सहित ट्रक को जब्त करते हुए आरोपी की तलाश प्रारंभ कर दी है.

एएसपी सुनीता रावत एवं एसडीओपी दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हेमंत पांडेय के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब परिवहन पर कार्यवाही की है. रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने भोपाल-इंदौर हाईवे रोड़ पर सरहदी से पहले निर्माणाधीन चद्दर शेड के सामने लावारिस हालात में खड़े ट्रक एमपी 09 एचएच 3137 में 1991 अवैध शराब की पेटियां कुल 23 हजार 892 लीटर जब्त की. जिसकी कीमत 62 लाख 11 हजार 920 रुपए बताई जाती है. पुलिस ने ट्रक जप्त कर आरोपी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी. कार्यवाही में डीएसपी हेमंत पांडेय, संतोष विश्वकर्मा, बीरमलाल वर्मा, सुनील वर्मा, तेजभान, जस्सुलाल सोलंकी, हीरामणि परमार, नरेन्द्र सैंधव, मनोज जाट, अनिल चौधरी, बलराम देशवाली, अमित जमरे, अनिल दुधी, कमलेश पंवार, राहुल सुर्यवंशी, लाखन सिंह, संतोष सिंह, गोपाल ठाकुर, राहुल परमार, बनेसिंह की भूमिका रही.




## बाइक को बचाने में पलटा सीएनजी का टैंकर

- एहतियातन इछावर- सीहोर मार्ग का यातायात किया बंद
- फायर ब्रिगेड द्वारा टैंकर पर लगातार छोड़ा गया पानी


नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 मई.** जिला मुख्यालय के पास कोनाझिर टोल प्लाजा के समीप शनिवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया. इछावर से रिफिल होकर सीहोर की ओर आ रहा गेल इंडिया कंपनी का सीएनजी से भरा टैंकर बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे के बाद टैंकर से गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बन गई. वहीं टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है.

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच गया. सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र को खाली कराकर नो-मैन्स जोन घोषित किया गया. गैस रिसाव से किसी बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने सीहोर-इछावर मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद कर ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट कर दिया.

मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने लगातार पानी की बौछार कर गैस के प्रभाव को कम करने का प्रयास किया. वहीं तकनीकी विशेषज्ञों और रेस्क्यू दल ने कड़ी मशक्कत के बाद काफी हद तक गैस रिसाव पर नियंत्रण पा लिया. काफी मशक्कत के बाद क्रेन की सहायता से पलटे टैंकर को सीधा करते हुए यातायात को बहाल किया जा सका.

सीएसपी अभिनंदना शर्मा ने बताया कि जैसे ही पुलिस को गैस से भरे टैंकर के पलटने की सूचना मिली, तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था. एहतियात के तौर पर पूरे क्षेत्र को खाली कराकर सुरक्षा घेरा बनाया गया था. उन्होंने बताया कि भाऊखेड़ी की ओर से मार्ग डायवर्ट किया गया तथा मामले में हर जरूरी सावधानी बरती गई. गेल का अमला भी मौके पर किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद रहा. जब तक टैंकर से गैस के रिसाव को बंद करते हुए स्थिति सामान्य नहीं की गई तब तक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा.




## भाजपा कार्यकर्ता करता राजनीति में जनसेवा

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे
- सांसद आलोक संजर सहित अनेक नेता हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 मई.** भाजपा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन क्रिसेंट ग्रीन गार्डन में किया गया.

प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया. उद्घाटन सत्र में केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा हमें जिले को आदर्श जिला बनाना है. जिले के संगठन पदाधिकारी, तीनों सांसद और चारों विधायक यहां उपस्थित हैं. हम सभी को यह संकल्प लेकर जाना चाहिए कि संगठनात्मक संरचना को मजबूत बनाया जाए। प्रत्येक मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी बूथ स्तर तक प्रवास करें. बूथ समितियां केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनमें ऐसे कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया जाए जो संगठन के कार्यों का प्रभावी निर्वहन कर सकें. उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं का व्यक्तित्व मृदुभाषी एवं अहंकार रहित होना चाहिए तथा उन्हें स्वामी विवेकानंद के विचारों पर चलना चाहिए. कार्यकर्ता का एक ही सिद्धांत होना चाहिए पांव में चक्कर, मुंह में शक्कर, सीने में आग और सिर पर बर्फ. उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला.

द्वितीय सत्र प्रदेश मंत्री राजेंद्र सिंह द्वारा लिया गया, जिसकी अध्यक्षता आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर ने की. तृतीय सत्र में प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर उपस्थित रहीं तथा सत्र की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष रचना मेवाड़ा ने की. श्रीमती गौर ने कहा कि एकात्म मानववाद भाजपा का मार्गदर्शक दर्शन है, जिसे वर्ष 1965 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने प्रतिपादित किया था. यह विचारधारा मानव समाज, संस्कृति और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन पर बल देती है.



## मठाधीश गौरक्षा की बातें करते, पालते नहीं

नवभारत न्यूज

**दोराहा 24 मई.** बड़े संत महात्मा मठाधीश आज देखने को मिलता है गाय की रक्षा की बात करते हैं बड़े-बड़े मंदिरों में गाय नहीं है. गौशाला नहीं नकली घी से भगवान का दीपक लग रहा है. गौ माता की रक्षा करने कथावाचक जो धर्म रक्षा राष्ट्र रक्षा गौ माता की सेवा में निरंतर कार्य कर रहे हैं हम सभी को इनका साथ देना चाहिए.

उक्त उद्गार ग्राम दोराहा चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दौरान कथा वाचक पंडित मोहितरामजी पाठक ने शिव महापुराण की कथा के विश्राम दिवस शिव महापुराण की महिमा भगवान गणेश रुद्राक्ष बिल वृक्ष पार्थिव शिवलिंग पूजन शिव नेवेध शिव नाम भस्म की महिमा एवं गौ माता की महिमा का वर्णन किया. शिव महापुराण हिंदू धर्म के 18 प्रमुख महापुराणों में से एक है, जो भगवान शिव और माता पार्वती की महिमा, उनके कल्याणकारीस्वरूप, ज्योतिर्लिंगों और भक्त-वत्सलता का वर्णन करता है. इसमें शिव के अवतारी रूपों, सृष्टि उत्पत्ति, और रुद्राक्ष/भस्म की महिमा का विस्तार से उल्लेख है, जो मोक्ष और सुख प्राप्ति का साधन माना जाता है. कथा के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया.



**अव्यवस्था** ई- टोकन खाद व्यवस्था से किसान परेशान, 10 प्रतिशत के ही बन सके फार्मर आईडी कार्ड

## किसानों के लिए फार्मर आईडी की अनिवार्यता बनी बड़ी बाधा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 24 मई.** खरीफ सीजन से पहले लागू की गई नई ई-टोकन खाद वितरण व्यवस्था को लेकर जिले के किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है. सरकार ने इस बार खाद वितरण प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर फार्मर आईडी से जोड़ दिया है. नई व्यवस्था के तहत किसान अब सीधे दुकानों या सोसायटी से खाद नहीं ले सकेंगे, बल्कि उन्हें पहले ऑनलाइन बुकिंग करनी होगी। लेकिन जिले में अधिकांश किसानों के पास फार्मर आईडी ही नहीं होने से व्यवस्था शुरू होते ही सवालों के घेरे में आ गई है.

किसानों का कहना है कि बोवनी का समय नजदीक है और पहली बारिश के साथ खेतों में काम शुरू हो जाएगा, ऐसे में खाद की जरूरत सबसे अधिक रहती है. बावजूद इसके नई व्यवस्था में तकनीकी और प्रशासनिक समस्याएं किसानों की चिंता बढ़ा रही हैं. किसानों का आरोप है कि सरकार ने जरूरी तैयारियां किए बिना ही योजना लागू कर दी.

जिले के करीब 1 लाख 45 हजार किसानों में से अब तक केवल 13 हजार 445 किसानों के ही फार्मर आईडी कार्ड बन पाए हैं. यानी लगभग 90 प्रतिशत किसान अभी भी इस व्यवस्था से बाहर हैं. कई किसानों की जमीन के रिकॉर्ड आधार से लिंक नहीं हैं, खातों की केवाईसी अधूरी है, वहीं बड़ी संख्या में ऐसे किसान भी हैं जो किराए या मुनाफे पर जमीन लेकर खेती करते हैं. ऐसे मामलों में भूमि स्वामी की फार्मर आईडी अनिवार्य होने से खेती करने वाले किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि पोर्टल पर बार-बार सर्वर डाउन होने से खाद बुकिंग नहीं हो पा रही है. कई बार पर्ची जनरेट होने के बावजूद सोसायटी में खाद उपलब्ध नहीं रहता. वहीं तय तारीख पर खाद नहीं मिलने से ई-टोकन की वैधता समाप्त हो जाती है, जिससे किसानों को दोबारा प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है. किसानों का कहना है कि सरकार पहले सभी किसानों के फार्मर आईडी बनवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे, उसके बाद ही इस प्रकार की अनिवार्य ऑनलाइन प्रणाली लागू की जाए। उनका मानना है कि अचानक लागू की गई व्यवस्था से छोटे और ग्रामीण किसान सबसे अधिक प्रभावित होंगे. इधर, उप संचालक कृषि अशोक उपाध्याय का कहना है कि नई व्यवस्था से खाद की कालाबाजारी पर रोक लगेगी और किसानों को लंबी कतारों में नहीं लगना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि गांव-गांव शिविर लगाकर फार्मर आईडी बनाए जा रहे हैं.



## अग्निवीर भर्ती परीक्षा 1 से 12 जून तक

**सीहोर.** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर पंजीकृत अभ्यर्थियों की ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई 1 जून से 12 जून तक भोपाल के दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी. विभिन्न श्रेणियों के लिए यह परीक्षा प्रतिदिन चार शिफ्टों में होगी. इस वर्ष से अग्निवीर क्लर्क और स्टोर कीपर टेक्निकल के पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर ही लिया जाएगा. अग्निवीर परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड 15 मई से भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं, जहां से अभ्यर्थी इन्हें डाउनलोड कर सकते हैं.